गोरखपुर से प्रकाशित

Title Code: UPBIL05289

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

द्विभाषी (साप्ताहिक)

वर्ष–1 अंक–26 गोरखपुर, रविवार 17 दिसम्बर 2023 पृष्ठ–8 मूल्य–2 रुपया

## राजस्थान के मुख्यमंत्री बने भजनलाल शर्मा, दीया और बैरवा ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

जयपुर (एजेन्सी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पहली बार के विधायक भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को यहां राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ




ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। यहां ऐतिहासिक अल्बर्ट ह ल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल मिश्र ने दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। कुमारी और बैरवा को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े शर्मा को १२ दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया था। शर्मा (५७) का आज जन्मदिन है। मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने हिन्दी में शपथ ली। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा वसुंधरा राजे भी समारोह में शामिल हुए।समारोह के लिए राजधानी के मुख्य मार्गों और प्रवेश मार्गों को सजाया गया।

इनमें भाजपा के झंडे और केंद्र सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं वाले पोस्टर और बैनर लगाए गए। समारोह के लिए तीन मंच बनाए गए थे मुख्य मंच पर राज्यपाल कलराज मिश्र, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भजनलाल शर्मा, विधायक प्रेमचंद बैरवा व दीया कुमारी बैठे। एक पर विभिन्न मंत्री व मुख्यमंत्री बैठे थे,वहीं एक मंच पर साधु समाज के लोग बैठे। शपथ ग्रहण के दौरान समर्थकों ने 'जय श्री राम और 'मोदी–मोदी के नारे लगाए।समारोह में राज्यभर से पार्टी विधायक, नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। शपथ ग्रहण समारोह से कुछ समय पहले रामनिवास बाग में एक प्रवेश केंद्र पर कुछ देर के लिए अराजक स्थिति पैदा हुई जब कुछ लोगों ने जबरदस्ती कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने की कोशिश की। पुलिस वाले उन्हें रोक पाते, इससे पहले कुछ लोग अवरोधक पार कर गए। हालांकि थोड़ी ही देर में पुलिस ने हालात काबू में कर लिए। भजनलाल भाजपा के प्रदेश महासचिव हैं, उनके पास राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री है। शर्मा ने जयपुर की सांगानेर सीट ४८,०८१ वोटों के अंतर से जीती है। वह भरतपुर जिले का रहने वाले हैं। रोचक बात यह है कि विधायक दल के नेता के रूप में शर्मा के नाम का प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने किया जिन्हें खुद मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल माना जा रहा था। इस तरह से शर्मा भाजपा की ओर से उन तीन विधायकों की कतार में शामिल हो गए हैं जिन्हें पार्टी ने तमाम दिग्गजों को दरकिनार कर मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी इससे पहले छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय तथा मध्य प्रदेश में मोहन यादव को भी इसी तरह इस पद के लिए चुन चुकी है।

## मिशन 2024: बीजेपी का युवा मतदाताओ पर फोकस

लखनऊ(संवाददाता)। पहले और आज के समय में सियासी माहौल में बड़ी तब्दीली आई है। अब मतदाताओं को एकमुश्त मतदान कराने की कूबत बहुत कम नेताओं में रह गई है। एक समय था जब गांव के सरपंच या मुखिया जिधर झुकते थे,एकतरफा वोटिंग हो जाती थी लेकिन अब समय बदल गया है। अब हर घर उच्च शिक्षा प्राप्त युवक और युवतियां हैं जो उधार के विवेक के मुताबिक चलने को राजी नहीं। यह सही और जरूरी भी है। अब तो यह भी देखने को मिलने लगा है कि घर के बेटे या बहू की राय से घर के बुजुर्ग की राय मेल खाने लगी है। बीजेपी में समय और जरूरत के मुताबिक चलने का चलन है।युवाओं में ही देश और समाज की दशा और दिशा बदलने की कूबत और जज्बा है,इसलिए बीजेपी युवा शक्ति पर फोकस कर रही है। युवा मतदाता ही निर्णायक भूमिका में होंगे। २०२४ के पार्लियामेंट इलेक्शन में फतह खातिर रणनीति पर काम शुरु हो रहा है। भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए युवा मतदाताओं को साधना चाहती है। १८ से ३० वर्ष की उम्र के मतदाताओं से सम्पर्क बढ़ाने की योजना है। भाजपाई जानते है, युवाओ के वोट के सहारे यूपी का मिशन ८० सफल हो सकता है।यूपी में १८ से ३० वर्ष के करीब तीन करोड़ मतदाता हैं।ये मतदाता दस सालों से मोदी शासन देख रहे हैं। मोदी शासन की उपलब्धियों को इस वर्ग ने देखा है। मोदी की गारंटी के नाम पर लोकसभा चुनाव के लिए इन्हें साधना आसान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं, गरीब, महिला, किसान और नौजवान ही उनके लिए जाति है। इसलिए पार्टी की नौजवान प्राथमिकता है।भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता नए मतदाताओं के साथ सेल्फी लेकर नमो एप पर अपलोड करेंगे। इस आयु के मतदाताओं को विकसित भारत का एम्बेसडर बनाया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी का महिला मोर्चा भी विभिन्न शिक्षण संस्थानों में इस आयु वर्ग की महिला ड क्टर, इंजीनियर व शिक्षकों आदि को जोड़ने के लिए अभियान चलाने जा रहा है। बीजेपी का आईटी सेल बहुत ही मजबूत है। सूत्रों की माने तो इस आयुवर्ग के मतदाताओं का पूरा डाटा पार्टी ने जुटा लिया है। आगामी दिनों में युवा मतदाताओं को साधने के लिए सम्मेलन व प्रतियोगिताएं कराने का विचार है।

## सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका, शाही ईदगाह के सर्वे पर रोक लगाने से इनकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर सर्वेक्षण का इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एस वी एन भट्टी की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट के १४ दिसंबर के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। पीठ के समक्ष मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अदालत ने पहले कहा था कि मामले में सुनवाई की जरूरत है। इस मामले में हमसे लिखित दलीलें दाखिल करने को भी कहा गया था। उन्होंने कहा, ''लेकिन अब हाईकोर्ट कुछ आवेदनों पर विचार कर रहा है, जिनके दूरगामी परिणाम होंगे। इस पर पीठ ने कहा,''इस



स्तर पर हम कुछ भी नहीं रोकेंगे। यदि कोई प्रतिकूल आदेश है तो आप यहां आ सकते हैं। अहमदी ने कहा कि गुरुवार को एक आदेश पारित किया गया, जिसमें आयुक्त को शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने और इसके लिए आयोग नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा,''यह तब हो रहा है जब शीर्ष अदालत इस मामले में अधिकार क्षेत्र का फैसला कर रही है। पीठ ने अहमदी से हाईकोर्ट को यह बताने को कहा कि वह (शीर्ष अदालत) नौ जनवरी को मामले की सुनवाई करने वाली है। इस पर अहमदी ने दलील देते हुए कहा कि हाईकोर्ट सुनवाई नहीं कर रहा है। शीर्ष अदालत ने हालांकि,कहा कि उसके के समक्ष एकमात्र अधिकार क्षेत्र का स्थानांतरण का मामला है। इस तरह मामला अब उसके समक्ष योग्यता के आधार पर नहीं है। पीठ ने कहा,''यदि याचिकाकर्ता को कोई शिकायत है तो वह कानून के अनुसार चुनौती दायर कर सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को शाही ईदगाह परिसर का अदालत की निगरानी में अधिवक्ता आयुक्तों की तीन सदस्यीय टीम द्वारा प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। सर्वेक्षण किस तरीके से किया जाएगा, इसके बारे में अदालत १८ दिसंबर को फिर सुनवाई करेगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने कहा था कि वह आयुक्त की नियुक्ति और सर्वेक्षण के तौर–तरीकों पर सोमवार को फैसला करेगी। हाईकोर्ट ने हरि शंकर जैन और अन्य के माध्यम से देवता (भगवान श्रीकृष्ण विराजमान) की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया था। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट औरंगजेब ने भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के एक हिस्से को ध्वस्त करने के बाद किया था। याचिकाकर्ताओं ने पूरी १३.३७ एकड़ भूमि पर स्वामित्व का दावा किया है, जिस पर फिलहाल मस्जिद की संरचनाएं स्थित हैं। उन्होंने शाही ईदगाह मस्जिद समिति और श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के बीच १९६८ के समझौते को भी चुनौती दी है, जिसने मस्जिद को उस भूमि का उपयोग करने की अनुमति दी थी जिस पर वह स्थित थी।

## जनता दरबार में ब्ड ने सुनीं 200 लोगों की फरियाद,

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कि किसी को भी घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें। उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।



# सम्पादकीय.........

## चेतावनी को सुनना होगा

मंगलवार को संसद भवन के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पत्रकारों से चर्चा में दो–तीन मार्के की बातें कही हैं, जिन पर गौर फरमाया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने पत्रकारों के जरिए एक बार फिर आम जनता के लिए संदेश दिया है कि कांग्रेस आने वाले वक्त में भी जाति जनगणना के मुद्दे को उठाती रहेगी। श्री गांधी ने कहा कि मूल मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और लोगों का पैसा किसे मिल रहा है? वे (भाजपा) इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, वे इससे दूर भागते हैं। हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को वह मिलता है जिसके वे हकदार हैं। गौरतलब है कि हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में लगभग हर रैली में राहुल गांधी ने जाति जनगणना की बात की थी और साथ ही दावा किया था कि कांग्रेस की सरकार आने पर वह इसे अमल में लाएगी। तेलंगाना के अलावा कांग्रेस को किसी राज्य में जीत नहीं मिली, बल्कि उम्मीद के विपरीत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान भाजपा के पास चले गए। भाजपा जातिगत जनगणना के मुद्दे से बचती रही है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो यहां तक कह दिया था कि इस देश में केवल गरीबी ही जाति है और कोई जाति नहीं है। लेकिन जिस तरह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में क्रमशरू विष्णु देव साय और मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद दिया गया है, उससे दिखाई दे रहा है कि भाजपा को अंततरू राहुल गांधी की लीक पर ही चलना पड़ा है। भाजपा इस बात को मानती है या नहीं, ये अलग बात है। संसद के बाहर राहुल गांधी ने दूसरी महत्वपूर्ण बात पं.नेहरू को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर की। गृहमंत्री अमित शाह ने पहले लोकसभा में और फिर सोमवार को राज्यसभा में भी जम्मू–कश्मीर को लेकर पं. नेहरू को निशाने पर लिया और उन पर गलतियों का ठीकरा फोड़ा। इसके बाद देश में इसी बात पर चर्चा होने लगी कि आजादी के बाद जब जम्मू–कश्मीर का विलय देश में हुआ और पाकिस्तानी कबाइलियों को भारतीय सेना ने हरा कर भगा दिया, उस वक्त और क्या–क्या हुआ था, तब किस तरह के हालात थे। उस बारे में माउंटबेटन से लेकर सरदार पटेल और नेहरू से लेकर शेख अब्दुल्ला और राजा हरिसिंह की क्या भूमिकाएं थीं। किसकी गलती थी, किसकी नहीं, इस पर नयी बहस शुरु हो गई। ऐसी बहसें अगर स्वस्थ मानसिकता और निष्पक्षता से की जाएं, तब तो इनका लाभ है। मगर इस समय बहस नहीं होती, केवल दोषारोपण होता है और उसमें भी नेहरूजी पर ही लक्ष्य साधा जाता है। इन हालात में राहुल गांधी ने साफ कहा कि वे हमें इस मुद्दे (जाति जनगणना) से भटकाने के लिए जवाहरलाल नेहरू और अन्य के बारे में बात करते हैं। राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा की नब्ज बिल्कुल सही जगह पर पकड़ी है। देश में इस वक्त जाति जनगणना वाकई एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि इसके जरिए ही सामाजिक न्याय के मकसद को पूरा किया जा सकता है। जब सामाजिक न्याय के लिए माहौल बनेगा, तब आर्थिक न्याय की प्रक्रिया भी अपने आप शुरु हो सकेगी। दरअसल ये सारी बातें एक–दूसरे पर ही आश्रित हैं और इसलिए राजनैतिक विमर्श में इनका केंद्र में रहना जरूरी है। संसद सत्रों के तमाम दिनों में इन पर अधिक से अधिक विचार–विमर्श होना चाहिए। लेकिन अभी आलम ये है कि संसद में की जा रही विवादास्पद बातें ही सुर्खियां बनती हैं। १४० करोड़ लोगों के लिए नियम–कानून बनाते वक्त सरकार कितनी देर और कितनी गंभीरता से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करती है, इसकी कोई खबर ही आम जनता को नहीं हो पाती। जब कोई कानून बन जाता है या रद्द हो जाता है, तभी लोगों को पता चलता है। ये बात लोकतंत्र के लिए बिल्कुल अच्छी नहीं है। इसलिए राहुल गांधी ने ध्यान भटकाने वाली जो बात कही है, वो सटीक है। राहुल गांधी ने तीसरी टिप्पणी इतिहास में नेहरूजी की भूमिका को लेकर की। दरअसल पं.नेहरू पर राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कि अगर असमय सीजफायर नहीं होता, तो आज पाक अ क्यूपाइड कश्मीर नहीं होता। हमारी सेना जीत रही थी वो भाग रहे थे। नेहरू दो दिन रुक जाते तो पूरा पाक अ क्यूपाइड कश्मीर तिरंगे के तले आ जाता। इतिहास के एक बेहद जटिल मुद्दे का यह अतिसरलीकरण है कि अगर दो दिन का इंतजार किया जाता तो आज पीओके ही नहीं होता। जिन नेहरू की बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता का लोहा दुनिया के बड़े नेता मानते रहे हैं, उन्हें भाजपा आला दर्जे के मूर्ख नेता की तरह प्रस्तुत कर रही है, और लोगों को यह बता रही है कि देश की समस्याओं के नेहरू जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी ने अमित शाह की इस टिप्पणी पर कहा कि श्पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनजान हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता, उन्हें इसे दोबारा लिखने की आदत है...। राहुल ने यहां बहुत गहरी बात कही है। क्योंकि तथ्यों को नजरंदाज करते हुए इतिहास को दोबारा लिखने की कोशिश वही करते हैं, जो बिना योगदान के अपने लिए श्रेय की तलाश में रहते हैं। भाजपा के पूर्वजों का भारतीय स्वाधीनता संग्राम में कोई योगदान नहीं था, ये सब जानते हैं और लोग अब ये भी देख रहे हैं कि भाजपा के दस सालों के दीर्घ शासन में देश कैसी समस्याओं से घिर चुका है। इनमें सबसे बड़ी समस्या लोकतंत्र को बचाने की है।

## गोरखपुर एम्स के लिए 2024 होगा दमदार, नए साल में सुपर स्पेशिऐलिटी वार्ड समेत कई विभागों का होगा (श्रीगणेश)

गोरखपुर। आगामी 2024 का साल गोरखपुर एम्स के लिए नई शुरुआत लेकर आएगा। पिछले पांच




सालों से इसकी स्थापना के बाद से ही यहां सुपर स्पेशिऐलिटी वार्ड की स्थापना नहीं हो पाई है लेकिन आशा है कि नए साल की शुरुआत के साथ यह भी शुरू हो सकेगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसके अलावा यहां सीनियर रेजिडेंट नियुक्त किए जाएंगे और नई ओपीडी की भी शुरुआत होगी।

गोरखपुर एम्स को बने 5 साल से ज्यादा का समय बीत गया है लेकिन अभी तक सुपर स्पेशिऐलिटी वार्ड की स्थापना नहीं हो सकी है। आगामी 2024 साल में स्वास्थ्य से जुड़ी कई अन्य सुविधाओं को शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही लीवर, हार्ट, किडनी और न्यूरो की बीमारी से संबंधित मरीज का इलाज अब आसानी से यहां हो सकेगा। एम्स के चेयरमैन और पूर्व सीनियर आईएएस देशदीपक वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सुपर स्पेशिऐलिटी के लिए चयनित ड क्टरों को लेकर सरकार ने नई गाइडलाइन जारी की है। जल्द ही इसके तहत काम शुरू किया जाएगा।

गोरखपुर एम्स की स्थापना को लेकर कवायद तो बहुत पहले से चल रही थी। इसको लेकर तत्कालीन सपा सरकार और उस समय के सांसद एवं वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच कई सालों तक खींचातानी चली। अंत में किसी तरह एम्स के लिए जमीन का आवंटन हुआ। जैसे ही 2017 विधानसभा चुनाव संपन्न हुए और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी तो एम्स की प्रक्रिया का काम तेजी से शुरू हो सका था। धीरे–धीरे इसको स्थापित हुए लगभग 5 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है।


हालांकि कई ओपीडी में मरीजों को देखे जाने का काम चालू है लेकिन एम्स में अभी भी सुपर स्पेशिऐलिटी वार्ड की स्थापना नहीं हो सकी है।चेयरमैन देश दीपक वर्मा की माने तो जल्द ही यहां लीवर, हार्ट, किडनी और न्यूरो की बीमारियों से संबंधित मरीजों का इलाज शुरू हो सकेगा। ताकि दूर दराज से यहां आए मरीजों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और उनका इलाज आसानी से यहां हो सके। माना जा रहा है कि आगामी 2024 से इन सारी सुविधाओं की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही यहां किडनी के मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी, जिससे पूर्वांचल के मरीजों को बड़ा लाभ मिलेगा। जानकारी देते हुए एम्स के चेयरमैन और पूर्व सीनियर आईएएस देश दीपक वर्मा ने बताया कि सुपर स्पेशलिटी के लिए ड क्टरों की तैनाती को लेकर सरकार ने कुछ नए नियम और गाइडलाइन तय किए हैं। जिससे अब इनकी तैनाती में आसानी हो सकेगी, इसके लिए रिटायर्ड ड क्टरों से लेकर नए विशेषज्ञों को भी इन पदों पर चयनित किया जाएगा। कुछ बैठकों में आम सहमतियां बनने के बाद इसकी संभावनाएं प्रबल हो गई है। देश दीपक वर्मा ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर 25 सीनियर रेजिडेंट एक ब न्ड के तहत यहां आएंगे। ऐसा गोरखपुर एम्स में पहली बार हो रहा है। जनवरी में शुरू हो रहे नए सत्र के दौरान 43 अन्य जूनियर ड क्टर भी एम्स से जुड़ेंगे, अब तक यहां 14 विभागों में 33 जूनियर ड क्टर है, जो यही पढ़ाई भी कर रहे हैं और मरीजों का इलाज भी। ड क्टरों की संख्या बढ़ने के बाद विभागों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

नए वर्ष में सुपर स्पेशलिटी वार्ड की स्थापना होने के बाद एम्स के 28 विभागों में 62 विशेषज्ञ ड क्टरों की तैनाती हो जाएगी। ऐसा होने के पश्चात गोरखपुर सहित पूर्वांचल के अन्य क्षेत्रों और बिहार सहित नेपाल के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस वक्त एम्स में प्रतिदिन 1500 से लेकर 2500 तक मरीजों का रजिस्ट्रेशन होता है। सुपर स्पेशलिटी वार्ड और अन्य विभागों की ओपीडी की शुरुआत होने के बाद यह संख्या और बढ़ेगी। एम्स के 28 विभागों की ओपीडी में ड क्टरों के 73 पद रिक्त है। जिसके लिए मंगलवार से साक्षात्कार शुरू हो चुका है। इनमें सुपर स्पेशलिटी के लिए भी ड क्टरों ने आवेदन किए हैं।

देश दीपक आगे कहते हैं कि सीनियर रेजिडेंट और जूनियर रेजीडेंट की संख्या बढ़ाने के बाद एम्स में ड क्टरों की कुल संख्या 200 हो जाएगी, जिससे अन्य वार्डों की ओपीडी का संचालन भी तेजी से हो सकेगा। फिलहाल एम्स परिसर में मिल्क पार्लर और रैन बसेरा शुरू हो चुका है। इसमें 24 घंटे रुकने के लिए मात्र 75 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इसके साथ जल्द ही पल्मोनरी डिपार्टमेंट में अत्याध ुनिक ब्राइनोस्क पी मशीन स्थापित की गई है,जिससे फेफड़ों से संबंधित मरीजों की जांच और अच्छे एवं गहन तरीके से हो सकेगी। इसके द्वारा बायोप्सी के लिए कोशिकाएं इकट्ठा करना भी आसान हो जाएगा। इस मशीन द्वारा बच्चों की भी जांच आसानी से हो जाएगी, इसे इंस्ट ल भी किया जा चुका है। इसके साथ ही आईसीयू में 30 बेड और बढ़ाये जा रहे हैं, ताकि गंभीर मरीजों को भर्ती कर यहां आसानी से उनका इलाज किया जा सके। फिलहाल वेंटीलेटर की संख्या यहां कम है, इन्हें भी बढ़ाया जाएगा। इमरजेंसी और ट्र मा सेंटर में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है, इसको देखते हुए यहां भी बेडों की संख्या बढ़ाई जाएगी। आगामी वर्ष में आपको एक नया एम्स देखने को मिलेगा।

## गोरखपुर में 65 साल की महिला के साथ युवक ने किया बलात्कार, ग्रामीणों ने पकड़कर पीटा

गोरखपुर। शनिवार को गोरखपुर के सहजनवा थाना क्षेत्र में एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई, जब एक युवक ने खेत में जा रही 65 वर्षी बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर रेप किया और जान से मारने की धमकी दी, महिला के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवक की जमकर पिटाई करते हुए उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।




उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक बेहद हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने 65 साल के बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म किया और उसे जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे जमकर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया है, तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को शादी समारोह था,गांव की महिलाएं विवाह में सम्मिलित हो मंगल गीत गा रही थी। सुबह होने पर मंगल गीत गा रही एक 65 साल की बुजुर्ग महिला वहां से निकली और अपने खेत की निगरानी के लिए जाने लगी।

इसी बीच गांव के युवक ने उन्हें रास्ते में जबरन रोक लिया और बंधक बनाकर खेत में उनके साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी हरकत कर डाली। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर वहां पहुंचे गांव के लोगों ने युवक की जानकर पिटाई की और पुलिस को सूचना देकर आरोपित को उनके हवाले कर दिया। सहजनवा थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित से पूछताछ कर रही है। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। गांव की महिलाओं ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। महिलाओं का आरोप है कि आरोपी युवक गांव की किसी महिला को अकेला पाकर उनके साथ पहले भी अभद्रता करता रहा है, कई बार शिकायत के बावजूद उस पर कोई ठोस कार्रवाई न होने की वजह से उसका मन बढ़ता जा रहा था।आसपास के क्षेत्र में युवक द्वारा किए गए इस हैवानियत की घटना की चर्चा जोरों पर है।

## इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोल जी एंड मैनेजमेंट एवं द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्सगोरखपुर लोकल चौप्टर के संयुक्त तत्वाधान मे एनर्जी कंजर्वेशन्स डे २०२३ पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन किया गया

गोरखपुर। इंस्टिटट्यूट अ फ टेक्नोल जी एंड मैनेजमेंट एवं द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स गोरखपुर लोकल चौप्टर के संयुक्त तत्वाधान मे एनर्जी कंजर्वेशन्स डे 2023 पर आधारित एक सेमिनार का रोकने के लिए ही ऐसे कार्यक्रम का आयोजन लगातार 1991 से किया जा रहा हैं द्य उन्होंने प्रधानमंत्री जी के द्वारा ऊर्जा के क्षेत्र मे 5 बड़े पंचामृत संकल्प के ऊपर भी विस्तार से चर्चा किया द्य मुख्य अतिथि ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी लोग को ऊर्जा का संरक्षण करके समाज हित मे एक अहम भूमिका निभाना होगा अगर हम ऐसा कर पाने मे असफल रहे तो आने वाले समय मे हम लोग को



आयोजन संस्थान के ड ए पी जे अब्दुल कलाम सभागार मे किया गया द्य कार्यक्रम के शुरुआत मे संस्थान के डीन ऐकडेमिक ड आर पी सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया द्य कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि इं आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गैर नवीकरणीय ऊर्जा श्रोतो के सिमित सीमित भंडार के उस पर हमारी निर्भरता काफी ज्यादा हैं, इसके अलावा जागरूकता के अभाव व अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर ऊर्जा की बर्बादी होती हैं द्य इसी को ध्यान मे रख कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को नवीकरणीय ऊर्जा श्रोत अपनाने और ऊर्जा की बर्बादी छात्रों की जिज्ञासा और उनके प्रश्नों का भी बखूबी उत्तर दिया द्य

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हुए मुख्य वक्ता पूर्व मुख्य अभियंता सिचाई विभाग एम पी कंदोई ने कहा कि संरक्षण का मतलब ऊर्जा की बर्बादी को रोकना हैं द्य ऊर्जा का कैसे हमें बचत करना हैं इसके लिए समाज मे लोगों को जागरूकता करने की जरुरत हैं ।एमएमयूटी एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष जे बी राय ने कहा की पर्यावरण संतुलन को बरकरार नही कर पाए जिसकी वजह से ऊर्जा की खपत बढ़ गई द्य

संस्थान के निदेशक ड एन के सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति बड़ी चुनौतीयों का सामना करना पड़ेगा द्य कार्यक्रम का संचालक इंस्टिटूशन्स अ फ इंजीनियर्स गोरखपुर लोकल चौप्टर के सचिव इं रमेश चंद्र पाण्डेय ने किया द्यइस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, इं ए के सिंह, इं एच आर जायसवाल, इं के के पाण्डेय डीन फार्मेसी निधि गुप्ता, विनीत राय, आशुतोष राव, ड आशुतोष गुप्ता, प्रदीप कुमार चौधरी सहित सभी शिक्षकगण और छात्र –छात्राएं मौजूद रहे

## ठंड में खुले आसमान के नीचे सोने वालों के लिए पसीजा सीएम योगी का दिल, यूपी के अधिकारियों से कही ये बातं

गोरखापुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बढ़ती ठंड को देखते हुए अधिकारियों को हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि ठंड के समय रात में



कोई भी खुले आसमान के नीचे सोते हुए न पाया जाए। अधिकारी सभी जरूरतमंद लोगों के लिए रैन बसेरों में ठहरने के इंतजाम करें। वहां पर सुविधा और सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि सर्द रातों में कोई भी खुले आसमान तले सोने न पाए। जो भी व्यक्ति सड़क किनारे खुले में सोता मिले, उसे रैन बसेरे में लाया जाए। रैन बसेरों में ठहरने के इंतजाम बेहतरीन होने चाहिए। पर्याप्त संख्या में बिस्तर व कंबल हों। सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जाए। जरूरतमंदों को भोजन भी उपलब्ध कराया जाए।

सीएम ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ शीतकाल में जरूरी नागरिक सुविधाओं की स्थिति और खिचड़ी मेला की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रात में पुलिस पेट्रोलिंग बहुत जरूरी है। पेट्रोलिंग के दौरान यदि कोई व्यक्ति खुले में सोता मिले तो पुलिसकर्मी उसे सम्मानपूर्वक निकटतम रैन बसेरे तक पहुंचा दें। कोई भी बेसहारा या जरूरतमंद सड़कों पर ठिठुरता न दिखाई दे। योगी ने कहा कि कोई मानसिक मंदित व्यक्ति भी सड़क पर भटकता मिले तो उसे उनके लिए बने आश्रय स्थलों में भेजा जाए।

योगी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति रात में बार–बार सड़क किनारे पाया जा रहा है तो उसके बारे में गहन जांच भी जरूरी है। जांच में उसकी गतिविधि या संलिप्तता असामाजिक कार्यों में मिले तो प्रभावी कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने हर जगह पर पर्याप्त अलाव की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत प्राथमिकता होनी चाहिए। यह ध्यान रखा जाए कि श्रद्धालुओं को कहीं कोई दिक्कत न हो।

## गोरखपुर के प्रसिद्ध सेवा संस्थान सर्व समाज संस्थान के द्वारा ठण्ड से पीड़ित लोगो में कम्बल गरम कपड़े और श ल इत्यादि बांटे गये

गोरखपुर। गोरखपुर के प्रसिद्ध सेवा संस्थान सर्व समाज संस्थान के स्थित कार्यालय पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया संस्था के अध्यछ धीरज



द्वारा ठण्ड से पीड़ित लोगो में कम्बल गरम कपड़े और श ल इत्यादि बांटे गये जिसमे मुख्य रूप से बीजेपी के राज्यसभा संसद और राष्ट्रीय मंत्री ड राधा मोहन दास अग्रवाल ने संस्था के मोहद्दीपुर गुप्ता ने बताया की यह संस्थान वह बीते 8 सालो से चला रहे है जिसमे वह हर साल ठण्ड में ये कैंप का आयोजन करते है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो को ठण्ड से बचाया जा सके।

## नीना थापा इंटर क लेज अंग्रेजी माध्यम के प्राइमरी विंग के बच्चों का वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ

गोरखपुर। नीना थापा इंटर क लेज की प्रबंधक श्रीमती सीमा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रही। उन्होंने प्रधानाचार्य ड विजय प्रताप श्री वास्तव , रामायण श्रीवास्तव एवं शिवांगी कौशल के साथ सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने बहुत अच्छे ढंग से संसेंतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



अंग्रेजी माध्यम के संचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने समस्त अभिवावको एवं मुख्य अतिथि का अभिवादन कर उन्हें संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यह अँग्रेजी माध्यम प्राइमरी विंग का यह प्रथम वर्ष है। विद्यालय निरंतर अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास पर कार्य कर रहा है।

## लेक क्वीन क्रूज का मुख्य मंत्री ने सुभारंभ किया

गोरखपुर । मुख्यमंत्री ने सुरम्य ताल में क्रूज सेवा शुभारंभ किया रामगढ़ताल में जिस क्रूज को उतारा गया है उसे लेक क्वीन नाम दिया गया है लेक क्वीन के निर्माण पर 12 करोड़ रुपये में बने क्रूज में पंचसितारा होटल जैसी सुविधाएं विकसित की गईं हैं। क्रूज संचालन से करीब सौ लोगों को



रोजगार भी मिलने जा रहा है। लेक क्वीन पर शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजन मिलेंगे। म कटेल काउंटर और बार की भी सुविधा होगी, हालांकि बार को बाद में शुरू किया जाएगा। 2700 वर्गफीट के क्षेत्रफल वाले क्रूज पर तीन तल बनाए गए हैं। इसके अलावा एक वेटिंग प्लेटफार्म भी है। क्रूज पर 150 लोगों की क्षमता के तीन हाल और 15 लोगों की क्षमता का एक अति विशिष्ट कक्ष बनाया है। एक ट्रिप में दो घण्टे तक क्रूज पर सवारी का आनंद उठाया जा सकेगा।

## इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोल जी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के इलेक्ट्र निक्स द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम पाण्डेय ने गोरखपुर विश्वविद्यालय मे आई नेक्स्ट के द्वारा आयोजित किया गया

गोखरपुर। इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोल जी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के इलेक्ट्र निक्स द्वितीय वर्ष के छात्र



शुभम पाण्डेय ने गोरखपुर विश्वविद्यालय मे आई नेक्स्ट के द्वारा आयोजित मैराथन प्रतियोगिता मे टीम मैनेजर ए के सिन्हा के नेतृत्व मे तीन अलग अलग श्रेणियों मे पदक प्राप्त कर अपने परिवार के साथ साथ संस्थान का नाम रोशन किया द्य इस सफलता पर बधाई देते होते संस्थान के निदेशक ड एन के सिंह ने कहा कि कोशिश करने से ही सफलता प्राप्त होती हैं, यदि हम लगातार प्रयास करते रहेंगे तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना कठिन नही हैं । इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्र के इस सफलता पर बधाई दिया

# Animal worldwide bo office collection day 15Ranbir Kapoor and Bobby Deol-starrer to enter ?800 crore club soon

DescriptionAnimal worldwide bo office collection day 15: Directed by Sandeep Reddy Vanga] the Ranbir Kapoor film is unstoppable- It features



Bobby Deol as the antagonist- Animal worldwide bo office collection day 15: Ranbir Kapoor's Animal is about to cross another milestone- On Saturday] the action film's makers shared that Animal had grossed ?797-6 crore worldwide in 15 days- It is now looking to cross the ?800 crore gross mark- Animal] which was released on December 1] also features Rashmika Mandanna] Bobby Deol] Anil Kapoor] TriptiiDimri and Shakti Kapoor- Animal breached the ?600 crore gross mark worldwide in eight days and entered the ?700 worldwide gross club in just 10 days- Despite facing backlash for its toic characters and problematic scenes] the film has turned out to be one of the top 3 highest-grossing films of 2023] so far] alongside Shah Rukh Khan's Jawan and Pathaan-

Ranbir Kapoor's revenge drama is directed by Sandeep Reddy Vanga of Arjun Reddy and Kabir Singh fame and revolves around a father and son's toic relationship- While Anil Kapoor plays the emotionally unavailable father] Balbir Singh] Ranbir plays the role of the traumatised] angry son] Ranvijay Singh aka Vijay-

Bobby Deol'sAbrarHaque is seen as a thrice-married menacing antagonist in Animal- Rashmika plays GeetanjaliIyengar] Vijay's wife- TriptiiDimri] Charu Shankar] Bab loo Prithiveeraj] Shakti Kapoor] Madhu Raja] Suresh Oberoi and SiddhantKarnick are also seen in supporting roles in Animal-

An ecerpt from the Hindustan Times' Animal movie review read] ÞAnimal takes you on a bloody] noisy] gory and violent journey and for the large part of it] you don't complain- It just immerses you in its gripping tale and scale] but often leaves you in bewilderment each time the hero in is action- Glorified as an anti-hero] Ranvijay Singh (Ranbir Kapoor) idolises and worships his father Balbir Singh's (Anil Kapoor)] and spends most of his childhood seeking his love and attention but all in vain- So daddy issues start pretty young in his life and have obvious repercussions on most of his formative years-ß

# Twinkle Khanna responds after man questions her for telling Akshay Kumar men are dessert: ^Blame patriarchy'

Twinkle Khanna at her book launch was asked by Akshay Kumar if men are



